# भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

नई दिल्ली, एजेंसियां। ब्रिटेन को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उसके आगे अब सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। ब्रिटेन फिसलकर 6वें स्थान पर पहुंच गया है। एक दशक पहले भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की सूची में 11वें स्थान पर था, जबकि ब्रिटेन पांचवें नंबर पर था। देखें P16

## ब्रिटेन को पछाड़ा, 2030 तक तीसरे स्थान पर होंगे

- कोरोना महामारी की वजह से 2020 में भारतीय अर्थव्यवस्था एक पायदान नीचे खिसक कर छठे स्थान पर आ गई थी लेकिन महंगाई और आर्थिक झटके की वजह से ब्रिटेन एक बार फिर भारत से पिछड़ गया।
- ब्रिटेन के प्रमुख आर्थिक अनुसंधान संस्थान सेंटर फार इकोनॉमिक एंड बिजनस रिसर्च (सीईबीआर) की वार्षिक रपट में अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2030 तक तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी।
- रिपोर्ट में अनुमान जताया गया था कि भारत की आर्थिक वृद्धि 2022 में 7 प्रतिशत रहेगी। आकार में भारत 2025 में ब्रिटेन से, 2027 में जर्मनी से और 2030 में जापान से आगे निकल जाएगा।